# कांग्रेस के पास तथ्य हैं तो प्रमाण दें, संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना बंद करें : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## एस.आई.आर. को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस के पास अपने आरोपों के समर्थन में तथ्य और प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को कमजोर करने और चुनावी हार को छिपाने के लिए तथ्यहीन राजनीति करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को जारी अपने संयुक्त बयान में स्पष्ट किया है कि एसआईआर सहित प्रमुख निर्णय तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि 24 जून 2025 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के लिए जारी आदेश को आयोग की सर्वसम्मति से मंजूरी मिली थी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 27 मई 2026 के अपने फैसले में बिहार में एसआईआर की वैधानिकता से जुड़े सवालों पर निर्णय दिया था। उन्होंने सवाल किया कि न्यायिक प्रक्रिया के बाद कांग्रेस एसआईआर पर लगातार सवाल क्यों उठा रही है और उसके पास अपने आरोपों के समर्थन में कौन से ठोस तथ्य और प्रमाण हैं। सर्वोच्च न्यायालय के रिकॉर्ड के अनुसार मामले में 24 जून 2025 के निर्वाचन आयोग के आदेश और एसआईआर की वैधानिकता से जुड़े प्रश्नों पर सुनवाई हुई थी।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में प्रैस कॉन्फ्रेंस की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर से संबंधित फॉर्म को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा गया था और गैर-एसआईआर अवधि में निर्वाचन नियमों के तहत निर्धारित फॉर्म का ही उपयोग किया जाएगा। आयोग ने 26 सितंबर को यह भी स्पष्ट किया कि एसआईआर के दौरान नोटिस पाने वाले ऐसे मतदाताओं के दस्तावेज एकत्र करने के लिए बीएलओ उनके घर जा सकेंगे।

> ■ उन्होंने पूछा कि "चुनाव आयोग, न्याय पालिका और सेना के शौर्य पर कांग्रेस सवाल क्यों उठाती है?"

शर्मा ने कांग्रेस से सवाल किया कि यदि वह नियमों या फॉर्म में बदलाव का दावा करती है तो उसका आधिकारिक दस्तावेज सार्वजनिक क्यों नहीं करती। उन्होंने एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग के भीतर कथित मतभेदों, कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र और फॉर्म में कथित बदलाव के दावों का आधार भी स्पष्ट करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं और छूटे हुए मतदाताओं तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं और न्यायालयों के संबंध में सार्वजनिक बयान देते समय तथ्यों और प्रमाणों की जिम्मेदारी भी आवश्यक है। शर्मा ने कांग्रेस से पूछा कि क्या वह निर्वाचन आयोग के संयुक्त स्पष्टीकरण के बाद अपने आरोपों की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बजाय जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना चाहिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ झूठ, सनसनी और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, लेकिन अब कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो गया है। कांग्रेस का इतिहास राहुल गांधी के नेतृत्व में बार-बार ऐसे झूठे और तथ्यहीन मुद्दों को उठाकर भारत की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का रहा है। उन्होंने विदेश में जाकर भारत की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। बाद में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगनी पड़ी। इतना ही नहीं वे भारत की सेना के शौर्य पर भी सवाल उठाते हैं। ऐसे में कांग्रेस और राहुल गांधी जनता को बताए कि उनके पास एसआईआर में कथित मतभेद का प्रमाण क्या है? कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को एसआईआर से जोड़ने का आधार क्या है?, संबंधित फॉर्म में कथित बदलाव का आधिकारिक दस्तावेज कहां है? मीडिया रिपोर्ट को राजनीतिक आरोप का आधार बनाने से पहले उसका सत्यापन किया गया था या नहीं?

# मिट्टी के नीचे दफन थी छह माह की गर्भवती महिला

## आरोपी किराएदार फरार, पत्नी बताकर 2 माह से साथ रह रहा था युवक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** बिंदायका थाना क्षेत्र की प्रेस्टीज कॉलोनी में रविवार सुबह एक मकान के अंदर मिट्टी में दबा महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मकान मालिक देखरेख के लिए पहुंचे तो घर में ताला लगा था और अंदर से बदबू आ रही थी। पडौसियों से पूछताछ के बाद अंदर जाकर देखा तो बाउंड्रीवाल के भीतर मिट्टी खोदी हुई थी और गड्ढे में दफन महिला का हाथ बाहर निकला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी खोदकर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

> ■ आरोपी ने महिला की हत्या के बाद शव दफनाकर ऊपर नमक डाला

डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के बाराबंकी निवासी किरन (32) के रूप में हुई है। वह करीब छह माह की गर्भवती थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उत्तर प्रदेश निवासी प्रवेश (22) ने करीब दो महीने पहले मकान किराए पर लिया था और किरन को अपनी पत्नी बताकर उसके साथ रह रहा था। पुलिस को आशंका है कि करीब दो-तीन दिन पहले किरन की हत्या कर शव को रात के समय गड्ढा खोदकर दफनाया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि शव दफन करने के बाद उसके ऊपर नमक डाला गया और फिर मिट्टी से गड्ढा ढक दिया गया। हत्या के बाद भी प्रवेश करीब तीन दिन तक घर आता-जाता रहा। रविवार सुबह वह मकान से निकल गया और इसके बाद फरार हो गया। पुलिस के अनुसार उसने ठेकेदार से पैसे उधार लिए और फरार हुआ है।डीसीपी पश्चिम ने बताया कि किराएदार प्रवेश ने महिला को अपनी पत्नी बताया था। पुलिस मृतका के परिजनों की जानकारी जुटाने के साथ आरोपी की तलाश में जुटी है। हत्या के कारणों और वारदात के तरीके को लेकर भी जांच की जा रही है।

# 63 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों पर बना "आंगन मिलन सेवा" लोक उत्सव

## तीन दिन में एक करोड़ से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

**जयपुर ( कासं )।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत प्रदेश के करीब 63 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों पर 25 से 27 सितम्बर तक 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में एक करोड़ से अधिक लोगों की सहभागिता का अनुमान है। कार्यक्रम में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का इस स्तर पर सम्मान किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और सांसद मदन राठौड़ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रधानमंत्री का पत्र प्रदान करने के साथ माला पहनाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

> ■ पहली बार भव्य स्तर पर हुआ आंगनबाड़ी दीदियों का सम्मान



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व सांसद मदन राठौड़ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रधानमंत्री का पत्र प्रदान करने के साथ माला पहनाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के आमजन के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और धात्री माताओं के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। लोकगीत, लोकधुन एवं लोकनृत्य के साथ महिलाओं ने उत्सव मनाया। पोषण एवं आईईसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग पूनम ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भूमिका सम्मान के योग्य है और इसी उद्देश्य से 'आंगन मिलन सेवा' का आयोजन किया गया। निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनसेवा, सामाजिक सरोकार तथा पोषण-स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग के लिए नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, संस्था प्रधानों, शिक्षकों, चिकित्सकों, राजीविका सदस्यों, पोषण सखियों, एसएमसी एवं स्वयं सहायता समूहों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाहों ने आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए आर्थिक सहयोग की घोषणाएं भी की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों के साथ सुनी "मन की बात"

## सीएम भजनलाल शर्मा ने पार्षदों को आमजन से निरंतर जुड़ाव रखने और पूरी ताकत से काम करने की सीख दी

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर नगर निगम चुनाव में नव-निर्वाचित भाजपा पार्षद और सभी पार्टी प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 138वें एपिसोड को सुना। इसके बाद उन्होंने सभी पार्षदों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने सभी भाजपा पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार राजस्थान के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास के काम कर रही है और निकायों का भी तीसरा इंजन इसमें जुड गया है, जिससे विकास अब अंतिम छोर और हर जरूरतमंद तक पहुंचेगा।

> ■ पार्षदों को अपने वार्ड में विकास की रूपरेखा बनाकर जयपुर शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों में पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। इन चुनावों में कार्यकर्ताओं को तरजीह दी गई, जिससे अच्छे परिणाम आए। उन्होंने कहा कि अब जयपुर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है और पार्षद शहर के विकास के लिए अपने-अपने वार्डों में काम की रूपरेखा बनाएं और पूरी ताकत से काम के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में वन स्टेट-वन इलेक्शन का जो वादा किया उसे पूरा करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्षद अपनी कार्यशैली से अपने वार्ड में हर घर तक अपने जुड़ाव को और प्रभावी बनाएं तथा हमेशा आमजन के सुख-दुख में साथ खड़े रहें। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर पार्टी की और मजबूती के लिए निरंतर काम करें। निकाय चुनाव के सभी पार्टी प्रत्याशियों को आगामी पंचायतराज चुनावों में जिम्मेदारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में जयपुर नगर निगम के महापौर सुनील कोठारी, उप महापौर सरोज कंवर, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, पार्टी पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष और सभी नव-निर्वाचित पार्षद एवं प्रत्याशी मौजूद रहे।

# मोबाइल स्नैचर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** विधाधर नगर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए राहगीरों से मोबाइल छीनकर उन्हें सस्ते दामों में बेच देता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि विधाधर नगर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले एक शातिर आरोपी सुमित स्वामी (22) निवासी शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए वह राहगीरों को निशाना बनाकर मोबाइल छीनता था।

# गैर औद्योगिक बहुमंजिला भवनों के लिये बेटरमेंट लेवी अब 8 किश्तों में जमा करवा सकेंगे

## रीको प्रशासन ने नियमों में प्रावधान करके राहत दी

**जयपुर।** गैर औद्योगिक भूखण्ड पर बहुमंजिला भवनों के निर्माण के लिए बेटरमेंट लेवी जमा कर भूखण्डों में देय से अधिक निर्माण किये जाने का रीको द्वारा नियमों में प्रावधान दिया गया है। जिससे निर्माणकर्ता भूखण्ड पर नियमानुसार यथाउचित निर्माण कर भूखण्ड का अधिकाधिक उपयोग कर सकता है।रीको ने बहुमंजिला गैर औद्योगिक भवनों में अधिकाधिक निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु तथा निर्माण कार्य के दौरान बेहतर वित्तीय प्रबन्धन हेतु, देय बेटरमेंट लेवी के भुगतान से संबंधित नियमों का सरलीकरण किया है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार जिन भूखण्डों पर बहुमंजिला भवन प्रस्तावित हैं, उन पर देय बेटरमेंट लेवी की राशि अब निर्धारित समयावधि में आठ किस्तों में जमा करवाई जा सकेगी। जो कि पूर्व में पांच किस्तों में जमा करने का प्रावधान था।

रीको के नवीन संशोधन के तहत गैर औद्योगिक बहुमंजिला भवनों के भवन मानचित्र स्वीकृति जारी होने से पूर्व प्रथम किस्त के रूप में बेटरमेंट लेवी की राशि का 1 प्रतिशत तथा लागू 100 प्रतिशत जीएसटी जमा करवाना होगा। इसके बाद शेष बेटरमेंट लेवी की राशि को छः माही किस्तों में जमा कराया जा सकेगा। 6 किस्त 15 प्रतिशत की तथा अंतिम किस्त 9 प्रतिशत की होगी।

# बीकानेर, अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग में आज बारिश की संभावना

**जयपुर।** नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को बीकानेर, अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।मौसम विभाग के अनुसार रविवार को सीकर, डूंगरपुर, झुंझुनूं सहित कुछ अन्य स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। फलौदी को छोड़कर प्रदेश के अन्य शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। फलौदी प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 40.2 और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में सुबह काले घने बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। बाद में धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 34.3 और न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार रविवार को डिप्रेशन कमजोर होकर उत्तर प्रदेश के मध्य भागों और आसपास के क्षेत्रों के ऊपर वेल मार्क लो प्रेशर के रूप में स्थित है। इसके अलावा एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी भारत और आसपास के क्षेत्रों के ऊपर सक्रिय है। उन्होंने बताया कि इसके प्रभाव से 28 सितंबर को बीकानेर, अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 29 सितंबर को भी पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद अगले पांच से छह दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

# शेखावाटी ढाबा के किचन पर खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत जयपुर द्वितीय की खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को एसकेआईटी कॉलेज के पास स्थित शेखावाटी ढाबा के किचन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किचन में खाद्य सुरक्षा से जुड़ी कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। टीम को फफूंद लगी और सड़ी-गली कच्ची सब्जियों से ग्रेवी व सब्जी तैयार करते हुए पाया गया।

> ■ लाइसेंस व मेडिकल फिटनेस समेत जरूरी दस्तावेज भी नहीं दिखा सके संचालक

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान अविचल चतुर्वेदी के निर्देशन में हुई कार्रवाई के दौरान किचन खुला और गंदगीयुक्त मिला। यहां प्रतिबंधित खाद्य रंग भी पाया गया। खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले कर्मचारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के निर्धारित मानकों के अनुसार हेड कैप, एप्रिन और ग्लव्ज नहीं पहन रखे थे। किचन में प्लास्टिक और एल्यूमिनियम के बर्तनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा था।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद फर्म मालिक नरेंद्र सिंह राठौड़ से खाद्य निर्माण में इस्तेमाल होने वाले पानी की जांच रिपोर्ट, फूड हैंडलर्स की मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट, उनके प्रशिक्षण संबंधी दस्तावेज और एफएसएसएआई लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया। संचालक ये दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं करा सके।

टीम ने मौके से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया है। लैब रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियम एवं विनियम, 2011 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही फर्म को खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 की धारा 32(1) के तहत 15 दिन में सुधार करने का नोटिस भी दिया गया है।

# विश्व पर्यटन दिवस : "पधारो म्हारे देश" से गूंजा जयपुर

## पर्यटन स्थलों पर नि:शुल्क प्रवेश के साथ राजस्थानी ठाट-बाट में हुआ स्वागत







विश्व पर्यटन दिवस पर रविवार को गुलाबी नगरी के ऐतिहासिक स्मारक और संग्रहालय देशी-विदेशी सैलानियों से गुलजार रहे। आमेर महल, हवा महल, नाहरगढ़ फोर्ट, अल्बर्ट हॉल और जंतर-मंतर पर सैलानियों का राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रविवार को गुलाबी नगरी के ऐतिहासिक स्मारक और संग्रहालय देशी-विदेशी सैलानियों से गुलजार रहे। पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की ओर से प्रदेशभर के स्मारकों और संग्रहालयों में पर्यटकों का प्रवेश निशुल्क रखा गया। जयपुर में आमेर महल, हवा महल, नाहरगढ़ फोर्ट, अल्बर्ट हॉल और जंतर-मंतर समेत प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का तिलक, माला और पुष्प भेंट कर राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया।

पर्यटकों के स्वागत के साथ ही विभिन्न स्मारकों पर लोक कलाकारों ने कच्ची घोड़ी, कालबेलिया और कठपुतली नृत्य, शहनाई वादन, नगाड़ा वादन, रावण हत्था और बहरूपिया जैसी प्रस्तुतियां दीं। 'पधारो म्हारे देश' के सुरों के बीच देशी-विदेशी पर्यटक भी लोक कलाकारों के साथ झूमते नजर आए। सैलानियों ने इन यादगार पलों को मोबाइल और कैमरों में कैद किया।

> ■ कच्ची घोड़ी और कालबेलिया पर झूमे पर्यटक, जयपुर के स्मारकों में उमड़ा सैलानियों का सैलाब

### हवामहल पर उमड़ी भारी भीड़

हवा महल के मुख्य द्वार पर सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल रहा। पर्यटकों का रोली-अक्षत से तिलक कर सूत की माला पहनाकर स्वागत किया गया। निशुल्क प्रवेश के चलते स्मारक के बाहर सुबह से ही पर्यटकों की कतारें नजर आईं। महाराजा सवाई प्रताप सिंह की ओर से 1799 में निर्मित हवा महल के 365 झरोखों और जालियों की स्थापत्य कला ने सैलानियों को खासा आकर्षित किया। कई पर्यटक राजस्थानी पोशाक में झरोखों के सामने फोटो और रील बनाते नजर आए।

### आमेर में शहनाई और कच्ची घोड़ी ने मन मोहा

आमेर महल में भी देशी-विदेशी पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत किया गया। महल अधीक्षक राकेश छोलक के अनुसार पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क रखा गया। यहां शहनाई, नगाड़ा वादन और कच्ची घोड़ी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

पर्यटकों ने महल की स्थापत्य कला और राजस्थानी संस्कृति की जमकर सराहना की।

### जंतर-मंतर पर हुआ पर्यटकों का स्वागत

जंतर-मंतर पर भी पर्यटकों को तिलक और माला पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों को टॉफियां वितरित की गईं। कच्ची घोड़ी, कठपुतली, शहनाई वादन और बहरूपिया सहित विभिन्न लोक प्रस्तुतियों के जरिए पर्यटकों को राजस्थान की लोक संस्कृति से रूबरू कराया गया।

### पर्यटन कारोबार को भी मिला सहारा

विश्व पर्यटन दिवस पर स्मारकों में बढ़ी पर्यटकों की संख्या से पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों में भी उत्साह नजर आया। हस्तशिल्प विक्रेताओं, टूरिस्ट गाइड, ऑटो-टैक्सी चालकों और खान-पान से जुड़े कारोबारियों को भी इसका लाभ मिला। विदेशी पर्यटकों ने हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की।

पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेंद्र ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशभर के सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निशुल्क रखा गया तथा पर्यटकों के स्वागत के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश कुमार शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सैलानियों को राजस्थान की विरासत, इतिहास और लोक संस्कृति से रूबरू कराया गया। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रमुख स्थलों पर विशेष व्यवस्थाएं भी की गईं।